## महत्वपूर्ण एवं खास

### फोटोयुक्त मतदाता सूची मुद्रण कार्य के लिए निविदा आमंत्रित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला रायगढ़ में नगर पालिकाओं के आगामी आम निर्वाचनों के लिए नगरपालिकाओं की वार्डवार तथा पंचायतों के आगामी आम निर्वाचनों के लिए विकासखण्डवार तैयार की गई फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के मुद्रण किए जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निविदा फार्म (जिसका मूल्य 100 रुपये है) कलेक्टर कार्यालय से किसी भी दिन, कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कार्यालय में 4 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन शाम 4 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से संपर्क कर सकते है।

### बलौदाबाजार हिंसा : विधायक देवेंद्र यादव को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने फि र 7 दिनों की बढ़ाई न्यायिक रिमांड

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की मुश्किलें कम नहीं हो रही. कोर्ट ने फिर उनकी न्यायिक रिमांड 7 दिनों के लिए बढ़ा दी है. बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने 17 अगस्त को देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था. आज रिमांड खत्म होने पर सीजेएम कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई. कोर्ट ने 9 सितंबर तक उनकी रिमांड बढ़ा दी है।

### राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में इस समय पीलिया का कहर जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में इस समय पीलिया का कहर जारी है। इस बीच कॉलोनी के बी-ब्लॉक में पानी से कीटाणु निकल रहे हैं। कॉलोनी के एक घर में कीड़ा निकला है. जिससे कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. इसके साथ ही पानी के साथ कीड़ों का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, जबकि कॉलोनी में इस समय 10 से ज्यादा लोग पीलिया से पीड़ित हैं. 200 से ज्यादा लोगों के प्रभावित होने की आशंका है. कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि कीड़े निकलने का यह पहला मामला नहीं है. आए दिन कुछ घरों में कीड़े-मकौड़े पाए जाते हैं, जबकि बरसात का मौसम है और पीलिया का प्रकोप है, गंदा पानी भी आ रहा है। कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि 15 साल पुरानी कॉलोनी में पीने के पानी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन नालियों से होकर गुजरी है.

### कोरोना पर बड़ी रिसर्च : अंबेडकर अस्पताल की रिसर्च यूनिट ने बायोमार्कर किट बनाया, पहले स्टेज में ही ट्रेक होगी बीमारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर हॉस्पिटल ने मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू/ बहु विषयक अनुसंधान इकाई) के वैज्ञानिकों की टीम ने ऐसा बायोमार्कर किट विकसित किया है। यह किट कोविड-19 महामारी संक्रमण की गंभीरता का अनुमान प्रारंभिक चरण में ही लगा लेगा। कोविड-19 के प्रारंभिक चरण से प्रारंभ किये गये इस शोध के परिणाम हाल ही में विज्ञान पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुई है। जो कि, प्रतिष्ठित नेचर प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित किया गया है। रिसर्च के क्षेत्र में यह दुनिया का 5वां सबसे अधिक संदर्भित किया जाने वाला रिसर्च जर्नल है।

# छत्तीसगढ़ को मिली 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति - मुख्यमंत्री

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में प्रेस से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ को भारत सरकार द्वारा 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे लाखों गरीब परिवारों को अपने सिर पर छत का सपना साकार करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ के 18 लाख से अधिक गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए थे क्योंकि तत्कालीन सरकार ने इस योजना के लिए आवश्यक राज्यांश 40 प्रतिशत जमा नहीं किया था। इस वजह से इन गरीब परिवारों का हक छीना गया था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली और अगले ही दिन 14 दिसंबर को हमारे पहले कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। राज्यांश की व्यवस्था भी तुरंत की गई।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि नए वित्तीय वर्ष के बजट में छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति भारत सरकार से मिली है, जिसमें एसईसीसी 2011 के अंतर्गत 6 लाख 99 हजार 331 आवास और 1 लाख 47 हजार 600 आवास प्लस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता और विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होने वाले सभी लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित थे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना का भी जिक्र किया करते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति जिन्हें राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र भी कहते हैं उनके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 हजार 64 आवास की स्वीकृति की गई है, जिनमें से कई पूर्ण हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनवरी से लेकर अब तक 1 लाख 99 हजार प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण किया जा चुका है और मोदी जी की गारंटी के अनुसार 18 लाख आवासों का निर्माण समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नियद नेलानार योजना आपका अच्छा गांव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10,000 से अधिक अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति के लिए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की गई है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

## 8 माह में साइबर ठगो ने की 15 सौ 48 लोगों से 11 करोड से अधिक की ठगी

**रायपुर । आरएनएस**

साइबर धोखाधड़ी के मामले कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं, इसका अंदाजा रिपोर्ट किए गए अपराधों के आंकड़ों को देखकर लगाया जा सकता है। महज 8 महीने में साइबर ठगों ने 1548 लोगों से 11 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की है. शिकायत के बाद पुलिस ने अब तक इस साइबर ठग के चंगुल से डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपये बरामद कर लिए हैं.

इनमें से कुछ धनराशि लाभार्थियों को लौटाने की प्रक्रिया में है। जिले में साइबर ठगी के शिकार लोगों की संख्या डेढ़ हजार से अधिक हो गयी है. बिलासपुर जिले के थाने में साइबर ठगी के शिकार 150 48 लोगों ने मामला दर्ज कराया और ऑनलाइन ठगी में 11 करोड़ 5 लाख 42 हजार 871 रुपए गंवा दिए।

धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही बिलासपुर पुलिस ने कई खातों की पहचान की और रुपये बरामद किए। 1.5 करोड़ से ज्यादा पर कब्ज़ा करने में सफलता हासिल की. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों द्वारा चिह्नित खातों से अब तक ठगी के शिकार लोगों के खातों में कुछ पैसे वापस भी आ चुके हैं। कुछ मामले कोर्ट में लंबित हैं, जिनके निपटारे के बाद कोर्ट द्वारा पीड़ित के खाते में रकम वापस कर दी जाएगी।

**धोखाधड़ी में 2 हजार से ज्यादा अकाउंट का इस्तेमाल किया गया है-** साइबर धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही बिलासपुर पुलिस धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर उन खातों की पहचान करने में जुट गई है, जिनमें पीड़ित के खाते से पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। बिलासपुर पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त 2 हजार 223 अकाउंट की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर दिया है.

**डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम जब्त की गई-** साइबर जालसाजों के खातों की जांच के दौरान बिलासपुर पुलिस ने 2 हजार 223 खातों में जमा 1 करोड़ 63 लाख 44 हजार 549 सौ रुपये पकडऩे में सफलता हासिल की है.

## चक्रधरनगर पुलिस ने बोर पंप चोरी के आरोपी को पकड़ा, 12,000 रुपए का पंप बरामद

**रायगढ़**



चक्रधरनगर पुलिस ने बोर पंप चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किए गए पंप को बरामद कर लिया है। पंप चोरी की रिपोर्ट 02 सितंबर 2024 को थाना चक्रधरनगर में रामकुमार भगत (उम्र 51 वर्ष), निवासी लोईंग खडियापारा ने थाने और मौखिक रूप से दर्ज कराया था। रामकुमार भगत ने बताया कि घटना 31 अगस्त 2024 की है, जब रायगढ़ में अपने काम से गए हुए थे। इसी दौरान, उनके किरायेदार ने गांव का करण माझी उनके घर के बाथरूम में घुसकर 1 HP का बोर पंप करते देखा और रामकुमार को बताया, रामकुमार जब घर पहुंचा, तो उन्होंने पाया कि बाथरूम में रखा पंप गायब था। रामकुमार ने 01 सितंबर 2024 को करण माझी से संपर्क किया और पंप वापस करने की मांग की, लेकिन करण ने पंप लौटाने का वादा करके भी उसे नहीं लौटाया। इसके बाद रामकुमार ने थाना चक्रधरनगर में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर आरोपी करण माझी के खिलाफ अप.क्र. 407/2024 धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने स्टाफ के साथ लोईंग गांव में दबिश दी और करण माझी (उम्र 42 वर्ष) को हिरासत में लिया। आरोपी के मेमोरेंडम बयान में उसने पंप चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 HP का बोर पंप, जिसकी कीमत 12,000 रुपये है, बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया। निरीक्षक प्रशांत राव के हमराह कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक उदय सिदार व हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में हुई मासिक समीक्षा बैठक

**रायगढ़**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, संजीवनी एक्सप्रेस के टी.एम.टी, जिला मितानिन समन्वयक की उपस्थिति में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई।

शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण किशोर स्वास्थ्य एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति, एनएचएम अंतर्गत राष्ट्रीय कैंसर, ह्दयरोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, मेटरनल हेल्थ, शिशु टीकाकरण, घर-घर सर्वे करने के लिये व यू-विन पोर्टल में शत-प्रतिशत एण्ट्री करने, परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हाईरिस्क गर्भवती माताओं के फालोअप, खान-पान, दवा की काउन्सिलिंग करने के लिये निर्देशित किया गया तथा बायोमेडिकल वेस्ट के विषय में चर्चा की गई।

## जूटमिल पुलिस की मुस्तैदी: स्कूटी पर अवैध शराब ले जा रहे दो युवक गिरफ्तार, 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़**

दिनांक 03.09.2024 को थाना प्रभारी जूटमिल, निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नेतनागर से दो युवक एक मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर ग्राम मल्दा की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, थाना प्रभारी ने प्रधान आरक्षक मो. दिलदार कुरैशी और आरक्षक नरेश रजक को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए।

जूटमिल पुलिस ने थाना प्रभारी के निर्देशन और मुखबिर की सूचना के आधार पर भाठनपाली-मल्दा रोड पर शाम करीब 16:50 बजे शराब रेड की कार्रवाई की। रेड के दौरान, पुलिस ने एक नीले रंग की स्कूटी को आते देखा, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपना नाम गुलशन बसोर (पिता: रामो बसोर, उम्र: 25 वर्ष) और हितेश बसोर (पिता: कलपराम बसोर, उम्र: 19 वर्ष) बताया। दोनों आरोपी ग्राम नेतनागर के बसोर पारा, थाना जूटमिल के निवासी हैं। तलाशी के दौरान, स्कूटी (वाहन क्र. CG 13 AT 9917) के सामने रखी पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 20 लीटर महुआ शराब पाई गई, जिसे गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। पुलिस ने स्कूटी समेत शराब को थाने लाया और आरोपियों के खिलाफ थाना जूटमिल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जूटमिल पुलिस ने एक बार फिर अवैध शराब तस्करी पर कड़ी चोट की है, आगे भी इसी प्रकार कार्रवाई कार्रवाई जारी रखेगी।

## ओडिशा से लाई गई अवैध शराब की बिक्री पर तमनार पुलिस का छापा, 80 पाऊच महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर दिनांक 03.09.24 को तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांव के नेतृत्व में माइनर एक्ट के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें तमनार पुलिस ने ग्राम देवगांव, महलोई, समकेरा, पडिगांव, गौरबहरी, हमीरपुर, जोबरो, और खुरूसलेंगा में सक्रिय मुखबीरों की सहायता से अवैध शराब, जुआ-सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी एकत्र की।

इस दौरान, मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लमडांड और हमीरपुर बेरियर के बीच मेन रोड के पास एक झोपड़ी में अवैध रूप से ओडिशा से लाई गई शराब का विक्रय किया जा रहा है। इस जानकारी के आधार पर तत्काल थाना प्रभारी और उनकी टीम ने मौके पर रेड की। पुलिस के पहुंचते ही वहां शराब पीने वाले लोग भागने लगे।

झोपड़ी की तलाशी के दौरान, पाउच गुटका बेचने वाले सुशील राउत से सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने एक प्लास्टिक की बोरी में छिपाकर रखी गई 80 पन्नियों में 200 एमएल भरी हुई महुआ शराब (कुल 16 लीटर) बरामद की। बरामद शराब की कुल कीमत 2400 रुपये आंकी गई, साथ ही आरोपी के पास से 250 रुपये नकद भी बरामद हुए। आरोपी सुशील राउत (पिता: मोतीलाल राउत, उम्र: 25 वर्ष, निवासी: टपरिया, थाना हिमगीर, जिला सुंदरगढ़, ओडिशा) के खिलाफ तमनार थाना में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांव, एसएसआई सुरूतिलाल सिदार, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिदार, भीष्मदेव सागर, अमरदीप एक्का और अनूप मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी प्रकार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तमनार पुलिस सतर्कता और सक्रियता से आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## कलेक्टर ने ली नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में संयुक्त विभागीय बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में जिले की नशा मुक्ति संबंधी कार्ययोजना के अधीन विभागवार दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने दवाई दुकानों और अन्य संदिग्ध स्थानों में विभागीय जांच और संयुक्त रूप से जांच करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वनमंडल अधिकारी, परियोजना निदेशक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, आबकारी अधिकारी, प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, एसडीएम, एसडीओपी, उप संचालक अभियोजन, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, यातायात एवं परिवहन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, सभी नगरपालिका अधिकारी, एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग व लोक निर्माण विभाग, नोडल अधिकारी पशुधन विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी और सभी तहसीलदार उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग ने इस अभियान के संबंध में अगस्त माह में भी जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विनय तिवारी के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के संबंध में विस्तार से बताया गया और नशा मुक्ति के संबंध में शपथ संकल्प दिलाया गया।

## राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार 2023 के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की शिल्पी हीराबाई झरेका बघेल का हुआ चयन : छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र चयनित शिल्प कलाकार

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**





सारंगढ़ बिलाईगढ जिले को एक बार पुनः गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। जिला मुख्यालय सारंगढ़ के वनांचल ग्राम पंचायत बैगीनडीह ढोकरा बेलमेटल शिल्पी कला के लिए शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल का छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। इस खबर से पूरे अंचल के क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। कलेक्टर धर्मेश साहू सहित पत्रकारों, सरपंच व सभी शुभचिंतकों ने शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि ढोकरा बेल मेटल शिल्प कला के क्षेत्र में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड मिलने पर पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

सारंगढ़ जनपद पंचायत के वनांचल ग्राम पंचायत बैगीनडीह के ढोकरा बेल मेटल शिल्पी कलाकारों की कला जो कि आज पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन पूरे भारत देश के साथ ही विदेश में भी सारंगढ़ बिलाईगढ जिला के ढोकरा बेल मेटल शिल्प शिल्पियों की कलाकारी का डंका बजा चुके हैं जिसमें इसके पूर्व भी वनांचल ग्राम पंचायत बैगीनडीह के रहवासी को सम्मानित किया गया है। अब एक बार फिर पूरे छत्तीसगढ़ से सारंगढ़ बिलाईगढ जिला को गौरवान्वित करते हुए ढोकरा बेल मेटल शिल्प कला के क्षेत्र में वनाचल ग्राम पंचायत बैगीनडीह की हीराबाई झरेका बघेल को ढोकरा बेल मेटल शिल्प कला के क्षेत्र में विकास आयुक्त हस्त शिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली के द्वारा पूरे प्रदेश से ढोकरा बेल मेटल शिल्प कला के क्षेत्र में नेशनल अवार्ड के लिए चयनित किया गया है व साथ ही इसके पूर्व भी इनके पति मिनकेतन बघेल को भी बेल मेटल शिल्प कला के क्षेत्र में महारत हासिल किए हुए हैं जो ना सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन पूरे भारत देश के अलावा विदेश में भी सारंगढ़ बिलाईगढ जिला का मान बढ़ाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। इसके पूर्व भी हीराबाई झरेका बघेल को बेलमेटल शिल्प कला के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा वर्ष 2011-12 में पुरुस्कृत किया गया जा चुका है। इनके पति मिनकेतन को भी वर्ष 2006-07 में छत्तीसगढ़ के तात्कालिक राज्यपाल व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया था व साथ ही प्रशासनिक खर्चे पर ही वर्ष 2018 और 2022 में विदेश यात्रा कर छत्तीसगढ़ की बेल मेटल शिल्प कला का बखूबी प्रदर्शन किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छतीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU